तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार 26 अप्रैल 2024

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]

4 अमृत मिशन में शामिल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 2 में अभी तक नहीं बना पूरा शेड



## भिलाई सुपर-30 बैच से 30 स्टूडेंट में से 27 स्टूडेंट JEE में सफलता हासिल किए

**भिलाई।** भिलाई सुपर-30 बैच से 30 स्टूडेंट में 27 स्टूडेंट में JEE-Mains में चयन हुए जिसमें निखिल तिवारी 99.26 % ile भूपेन्द्र 98.93 % ile शैलेष गुप्ता 98.03 % ile इसी तरह रुद्रेश सिंग, आर्यन वर्मा, हर्ष, सिद्धार्थ, दीपक मिश्रा, सृष्टि, संतोषी भोई, यश देवांगन ने 90 % ile से ऊपर लाकर संस्था व पूरे प्रदेश का नाम रौशन किया है। बाकी स्टूडेंट 80 % ile से ऊपर है। इन सभी स्टूडेंट को संस्था की ओर से बहुत-बहुत बधाई एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। छात्र व छात्राएं इसका श्रेय माता-पिता का सहयोग व शिक्षकों का सभी मार्गदर्शन को दिया है। सुपर-30 में सभी 30 स्टूडेंट को निःशुल्क पढ़ाया जाता है जो कि छत्तीसगढ़ के लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। सुपर-30 में जाने की नामांकन की प्रक्रिया चयनित परीक्षा के द्वारा होती है। जो ऑनलाईन व ऑफलाइन के माध्यम से परीक्षा दे सकते हैं। इसकी परीक्षा तिथि 1 मई 2 मई व 3 मई को ऑनलाइन व ऑफलाइन पूरे प्रदेश व देश के स्टूडेंट दे सकते हैं। चयनित छात्रो को भिलाई शाखा में निःशुल्क पढ़ाया जाएगा। सुपर-30 में 30 छात्र IIT-JEE व 30 छात्र NEET के बच्चों का चयन कर पढ़ाया जाता है। बच्चों को IITIANS व Doctors की टीम द्वारा IIT व NEET की तैयारी पिछले वर्ष से छत्तीसगढ़ में कराया जा रहा है। इसका लाभ लेने के लिए छात्रों को Online व Offline परीक्षा देना पड़ेगा। चयनित छात्र में IIT-JEE व NEET के 30-30 छात्रों को आनंद कुमार के मार्गदर्शन में निःशुल्क पढ़ाया जाएगा। हमारी इस संस्थान में हॉस्टल सुविधा उपलब्ध है। छात्र व छात्रों को समय-समय पर मोटिवेशलन क्लास भी कराई जाती है जिससे छात्रों में कैरियर के बारे में जानकारी दी जाती है। भिलाई सुपर-30 ब्रांच : 58-ए मार्केट सेक्टर-10 में हमारी शाखा संचालित हो रही है। अधिक जानकारी के लिए 7880168887 पर संपर्क कर जानकारी ली जा सकती है।

भिलाई सुपर-30 के टॉपर छात्र



NIKHIL TIWARI 99.26 % ile | Abhijeet Singh 97.56 % ile | Somesh Kr. Singh 97.41 % ile | Deepak Mishra 95.93 % ile | Aryan Verma 95.01 % ile

Advt.

## खबर संक्षेप



### पीएम मोदी का कोरबा प्रवास 2 को, तैयारियां जोरों पर

कोरबा। जिला कोरबा के कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम ढपढप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम होने की संभावना है। इसके लिए बिलासपुर रेंज आईजी संजीव शुक्ला पहुंचे। कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे बिलासपुर रेंज आईजी संजीव शुक्ला के साथ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, कोरबा कलेक्टर अजीत वंसत, कटघोरा एसडीओपी, दर्री सीएसपी, कटघोरा एसडीएम, कोरबा सीईओ, एसईसीएल के अधिकारी, कटघोरा, बांकीमोंगरा थाना प्रभारी एवं जिला प्रशासन व भाजपा के कार्यकर्तागण मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम संभावित 2 मई को सकता है। यहां पीएम मोदी जनसभा को संबोधित करेंगे। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर भाजपा नेताओं का भी आवागमन जारी है।

### श्रीराम कथा एवं श्रीराम विवाह का आयोजन 1 मई तक

**हरदीबाजार।** ग्राम पंचायत उतरदा के रेलडबरी शाकम्भरी मंदिर प्रांगण में समस्त ग्रामवासी पटेल समाज के द्वारा श्रीराम कथा एवं श्रीराम विवाह, श्रीराम नाम जप एवं लेखन अनुष्ठान 25 अप्रैल से आरंभ होकर 1 मई को श्रीराम जानकी विवाह, पाणिग्रहण संस्कार एवं 2 मई को हवन, सहस्त्रधारा, ब्राह्मण भोजन व प्रसाद वितरण किया जाएगा। कथा व्यास पीठ से कथा वाचिका पंकजा दीदी व प्रज्ञा दीदी अपने मुखारविंद से शाम 4 बजे से हरि इच्छा तक कथा श्रवण कराएंगे। प्रतिदिन प्रातः मानस पाठ व दैनिक प्रार्थना, आरती पश्चात भोजन भंडारा होगा। समस्त क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासियों को इस धार्मिक अनुष्ठान में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य के भागी बनने का आग्रह किया गया है।

### जिला स्तरीय स्वीप बाइक रैली का आयोजन कल

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने 27 अप्रैल को शाम 5 बजे जिला स्तरीय स्वीप बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। बाइक रैली में सभी विभाग के प्रतिभागी रहेंगे, इसके लिए हेलमेट अनिवार्य है। इसी प्रकार 28 अप्रैल को साइकल रैली, दिव्यांग रैली, नववधु सम्मेलन जागरूकता कार्यक्रम, कॉलेज/स्कूली बच्चों का मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, एनसीसी एनएसएस एवं स्काउट गाइड द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं रैली तथा मतदाता जागरूकता पर संदेश और फ्लैशमॉब कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 28 अप्रैल को साइकल रैली का आयोजन शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट गेट से सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड तक की जाएगी। प्रतिभागियों को अपनी-अपनी साइकल लाना होगा। दिव्यांग रैली का आयोजन शाम 5.30 बजे से प्रारंभ होगा। रैली सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड से सीएसईबी चौक होकर वापस ग्राउण्ड तक पहुंचेगी। नववधू सम्मेलन जागरूकता कार्यक्रम सुबह 5.35 बजे से सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में आयोजित होगी। सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में शाम 5.40 बजे से कॉलेज स्कूली छात्र-छात्राओं का मानव श्रृंखला एवं साप्ताहिक गतिविधियों के प्रत्येक विभागों के प्रथम एवं द्वितीय प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# नये सत्र से जिले में खुलेंगे नए स्कूल और होगा उन्नयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

नये शिक्षण सत्र से जिले में स्कूलों के उन्नयन और नये स्कूल शुरू करने के संबंध में लोक शिक्षण संचालक के द्वारा शिक्षा विभाग से प्रस्ताव को लेकर जानकारी मांगी है। 22 कालम में मांगी गई जानकारी में पुराने स्कूलों का उन्नयन भी शामिल है। साथ ही जनप्रतिनिधियों को दौरे के दौरान मिले मांगपत्र का भी परीक्षण किया जाएगा। शिक्षा विभाग को यह जानकारी 20 मई तक लोक शिक्षण संचालक को भेजनी होगी।

जिले में आगामी नये शिक्षण सत्र से स्कूलों की संख्या बढ़ने जा रही है। जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में प्राथमिक स्कूल, मीडिल स्कूल, हाईस्कूल के उन्नयन की तैयारी चल रही है। जहां बच्चों की दर्ज संख्या है और उन्हें प्राइमरी ⏭ शेष पेज 3 पर

## जनप्रतिनिधियों से मिले मांग पत्र का होगा परीक्षण

**खास बातें**

- लोक शिक्षण संचालक ने शिक्षा विभाग से मांगी जानकारी
- तीन साल से नहीं हुआ था स्कूलों का उन्नयन



**तैयार की जा रही जानकारी**

लोक शिक्षण संचालक से नये प्राथमिक शाला प्रारंभ करने ओर पुराने स्कूलों का उन्नयन करने के संबंध में 22 बिंदुओं में जानकारी मांगी गई है। इस संबंध में सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र प्रेषित किया गया है। जिन बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई है उस आधार पर तैयारी की जा रही है। 20 मई तक पूरी जानकारी लोक शिक्षण संचालक को भेजना है।

\- **टीपी उपाध्याय,** जिला शिक्षा अधिकारी

### मांगी गई जानकारी

जिलों की सीमा को शाला पहुंच में बाधा न माना जाए। यदि किसी शाला के लिए विशेष भौगोलिक कठिनाई हो तो इसे अभिलेख सहित टीप के कॉलम में अंकित करें। समग्र शिक्षा अतंर्गत उन्नयन हेतु तैयार की गई सूची से भी मिलान किया जाए। भेजे गए प्रस्ताव के बाद जिले में कोई भी उन्नयन योग्य शाला का नाम शेष नहीं रहना चाहिए। जन प्रतिनिधियों से प्राप्त प्रस्तावों के परीक्षण में भी प्रतिवेदन में अंकित करना होगा कि उक्त शाला का प्रस्ताव जिले के सूची की सरल क.पर अंकित है। ऐसा नहीं होना चाहिए कि किसी प्रस्ताव का परीक्षण करने के बाद आप उसे पात्र बताते हुए पृथक से प्रस्ताव भेज दें। यही जानकारी सर्वत्र उपयोग की जानी चाहिए चाहे वह विधान सभा प्रश्न से संबंधित हो या जनप्रतिनिधि का प्रस्ताव हो। जानकारी ई-मेल से भेजने के बाद संचालनालय के व्हाट्सएप के प्लानिंग ग्रुप में भी जानकारी भेजें।

## 1 से 5 मई तक भुगतान करने का अधीक्षण यंत्री ने दिया लिखित आश्वासन

# सब स्टेशन कर्मियों की हड़ताल समाप्त, त्रिपक्षीय वार्ता में समझौता



समझौते के बाद खुशी का इजहार करते ठेका श्रमिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के सब स्टेशन में काम करने वाले सब स्टेशन कर्मियों को 2 महीने से वेतन नहीं मिला था ना ही बोनस दिया गया था। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सब स्टेशन कर्मियों ने आंदोलन का रुख कर दिया था जिसे लेकर विद्युत व्यवस्था लगातार बिगड़ती जा रही थी। गुरुवार को हड़ताल को लेकर त्रिपक्षीय वार्ता हुई जहां अधीक्षक यंत्री ने लिखित में आश्वासन दिया। इसके बाद सब स्टेशन कर्मियों ने हड़ताल समाप्त कर दिया है और शाम को सभी कर्मचारी अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर पहुंच गए हैं।

उल्लेखनीय है कि इस भीषण गर्मी में तापमान 44 डिग्री के पार है। ऐसे में लगातार बिजली की डिमांड बढ़ती जा रही है और विद्युत व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न होना एक बड़ी लापरवाही सामने आती है। इस विद्युत व्यवस्था का संचालन करने वाले सब स्टेशन कर्मियों को पिछले 2 महीने का वेतन और बोनस नहीं मिला था। जिसे लेकर सब स्टेशन कर्मी बुधवार से हड़ताल पर चले गए थे। जिसके चलते शहर की विद्युत व्यवस्था बिगड़ती जा रही थी। सब स्टेशन का संचालन करने के लिए विद्युत विभाग के अफसरों द्वारा सभी सब ⏭ शेष पेज 3 पर

### 200 से अधिक है ठेका कर्मी

जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत व्यवस्था को उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए अलग-अलग स्थान में 50 से अधिक सब स्टेशन स्थापित किए गए हैं। इन सभी सब स्टेशन का संचालन ठेका पद्धति के माध्यम से किया जाता है। अभी मौजूदा स्थिति में महाराष्ट्र की जेबीसी नामक ठेका कंपनी को काम दिया गया है और ठेकेदार के अधीन लगभग 200 कर्मचारी शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में सब स्टेशन में काम कर रहे हैं और सब स्टेशन का संचालन कर रहे हैं। जब से ठेका कंपनी ने काम संभाला है तबसे वेतन सहित अन्य मांगों को लेकर लगातार स्थिति बिगड़ी ही रहती है और आए दिन ठेका श्रमिक हड़ताल का शंखनाद करते रहते हैं। बार-बार हड़ताल में जाने की वजह से विद्युत व्यवस्था ध्वस्त होती रहती है। अफसरों को ठेकेदारों पर विशेष नजर रखनी चाहिए ताकि वेतन भुगतान व अन्य सुविधाएं ठेका श्रमिकों को समय पर मिलता रहे ताकि आने वाले भविष्य में इस तरह की स्थिति निर्मित ना हो।

# दिल्ली व रायपुर की टीम ने खदान में भूजल संरक्षण उपायों की समीक्षा की



खदान का निरीक्षण करती टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की कोयला खदानों भूजल संरक्षण के लिए किए जा रहे उपायों की समीक्षा की गई। केंद्रीय भूजल प्राधिकारण दिल्ली व रायपुर के सदस्य टीम में शमिल थे। केंद्रीय भूजल प्राधिकारण नई दिल्ली व क्षेत्रीय मुख्यालय रायपुर के सदस्यों में सचिव टीबी एन सिंह की मौजूदगी रही। जिनकी अध्यक्षता में सोमवार और मंगलवार को एसईसीएल की गेवरा, दीपका व बगदेवा खदानों का निरीक्षण किया।खदान प्रबंधन द्वारा भूजल संरक्षण उपायों की समीक्षा की। इस अवसर पर भूजल प्राधिकारण के सदस्यों द्वारा भूजल के प्रभावी उपयोग व भूजल पुनर्भरण के महत्त्व पर जोर दिया गया है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा इस ओर सतत प्रयासरत रहने की प्रतिबद्धता ली गयी। दौरे को सफल बनाने में एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से महाप्रबंधक (पर्यावरण) बीके जेना, एसईसीएल गेवरा खदान के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एसके मोहंती, गेवरा खदान के क्षेत्रीय महाप्रबंधक एके सक्सेना व कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक दीपक पंड्या की अहम भूमिका रही।

# बोलेरो ने मोपेड को मारी टक्कर, दो की मौत



सड़क में पड़ी युवकों की लाश।





दुर्घटनाकारित बोलेरो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- मोरगा चौकी क्षेत्र में हुई घटना
- मोरगा बाजार से घर लौट रहे थे दोनों मोपेड सवार

एक तेज रफ्तार बोलेरो के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोपेड को अपनी चपेट में ले लिया जिससे मोपेड सवार दोनों युवक की मौत हो गई। मामले में दुर्घटना को अंजाम देने वाले बोलेरो चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस ने बोलेरो को जप्त कर लिया है।

जानकारी के अनुसार सूरजपुर जिला के प्रेम नगर के अंतर्गत आने वाले ग्राम हरिहरपुर निवासी श्याम कुमार 35 वर्ष पिता बुद्धमान सिंह धनवार व कोटलाल उर्फ भोला धनुवार पिता राय सिंह मोपेड में सवार होकर मोरगा बाजार आए हुए थे। जहां से बाजार कर दोनों मोपेड में वापस अपने गृहग्राम हरिहरपुर जा रहे थे कि मोरगा से कुछ ही किलोमीटर आगे बढ़े थे कि गायमाड़ा के पास अंबिकापुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बोलेरो क्रमांक सीजी 19 बीडी 2757 के चालक ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मोपेड को अपनी चपेट में ले लिया जिससे घटनास्थल पर ही मोपेड सवार कोटलाल उर्फ भोला की मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल श्याम कुमार को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल पोड़ी उपरोड़ा में दाखिल कराया गया था। जहां उसकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान श्याम कुमार की भी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले बोलेरो चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर वाहन को जप्त कर लिया है।

### एनएच 130 पर लगातार हो रहे हादसे

जिले के कटघोरा-अंबिकापुर एनएच 130 में लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। पुलिस इस मार्ग में ब्लेक स्पॉटों को चिन्हांकित कर हादसों को रोकने की दिशा पर भी प्रयास कर रहा है लेकिन कोई सफलता नहीं मिल पा रही है। बताया जाता है कि इस मार्ग में वाहन हवा की रफ्तार से बातें करते हैं। जिसके चलते जरा सी चूक होते ही मार्ग में दुर्घटनाएं हो जाती है और लोग काल के गाल में समा जाते हैं। लगातार इस मार्ग में बढ़ती दुर्घटनाओं ने प्रशासन व पुलिस की चिंता बढ़ा दी है। अब देखना होगा कि प्रशासन इन हादसों को रोकने की दिशा पर क्या पहल करती है।

# दो कार में भिड़ंत, टीपी नगर चौक में रात को हंगामा

देर रात को रेलवे क्रॉसिंग टीपी नगर के बीच दो कार के बीच भिड़ंत हो जाने से जमकर बखेड़ा खड़ा हो गया। एक कार में आरक्षक सवार था जबकि एक अन्य कार में एक युवक सवार था। दोनों एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा करते रहे। बाद में पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर दोनों के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सीएसईबी चौकी पुलिस के मुताबिक कोतवाली थाने में पदस्थ आरक्षक चंदन यादव रात को अपनी कार से मुड़ापार से थाना कोतवाली जा रहा



था जबकि आरामशीन बस्ती निवासी सुनील दास महंत कोरबा की ओर से टीपी नगर फाटक की ओर से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान दोनों कारों के बीच भिड़ंत हो गई फिर क्या था दोनों कार से नीचे उतर गए और दोनों एक दूसरे पर आरोप लगाने लगे और इस दौरान हादसे के होते ही लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई और दोनों एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा करने लगे। बाद में दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ इस मामले की शिकायत सीएसईबी चौकी पुलिस में दर्ज कराई है। जहां दोनों के खिलाफ पुलिस ने धारा 279, 337 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है तो वहीं दूसरी ओर हंगामा का वीडियो भी सोशल मीडिया में वायरल हुआ है।

# हैंडपंप खराब, नवापारा में पेयजल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

हैंडपंप खराब होने के कारण पेयजल के लिए मोहल्लेवासी परेशान हैं। इस संबंध में पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत नवापारा के अटल चौक मोहल्ला में हैंडपंप जो पानी दे रहा था। पंचायत द्वारा उसमें मोटर डलवा दिया गया था। मोटर कुछ दिन ठीक-ठाक चला उसके बाद एक ठेकेदार द्वारा हैंड पंप में लगी

**खास बात**

- चैतमा के ग्राम नवापारा अटल चौक का मामला

मोटर को निकाल कर अपना मोटर डाल दिया। अपना काम हो जाने के बाद उक्त मोटर को निकाल कर पहले वाली मोटर को डाला जिसका नट बोल्ट ठीक ढंग से टाइट नहीं होने के कारण मोटर और रॉड नीचे गिर गया। जिससे हैंडपंप चलना बंद हो गया। मोहल्ले में स्थित लगभग 50 घरों के लोगों को 500 मीटर दूर स्थित हैंडपंप से पानी लाना पड़ रहा है। गर्मी के दिनों में दूर से पानी लाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत अनेकों ग्राम पंचायत में कार्य पूर्ण हो जाने के बाद भी आज तक नल जल का पानी ग्रामीणों के घर तक नहीं पहुंचा है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र में हो रहे पानी टंकी के निर्माण कार्य को आधा अधूरा छोड़कर ठेकेदार चले गए हैं। जिससे वह काम बंद पड़ा है जल जीवन मिशन का कार्य कब पूरा होगा कब ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा यह अभी कह पाना मुश्किल है। ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत नवापारा के अटल चौक मोहल्ले का खराब हैंडपंप को जल्द से जल्द सुधरवाने की मांग की है, जिससे ग्रामीणों को दूर से पेयजल ना लाना पड़ रहा है।



खराब पड़ा हैंडपंप।

### ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पीने का पानी



पाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुटेलामुड़ा के धनुहारपारा स्कूल के सामने में लगे हैंडपंप खराब होने के कारण ग्रामीणों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त वार्ड में ग्रामीणों के पीने के लिए एकमात्र सहारा हैंडपंप ही है, परन्तु हैंडपंप के खराब होने से ग्रामीणों को और कहीं से पानी नहीं मिल पा रहा है। जिस कारण से ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में पानी की ज्यादा जरूरत रहती है। ग्रामीणों के लिए वहीं एकमात्र हैंडपंप के ही पानी प्राप्त करने का माध्यम है, परन्तु काफी दिनों से हैंडपंप के खराब होने से ग्रामीण पानी के लिए तरस रहे हैं। हैंडपंप के खराब होने की सूचना ग्राम पंचायत सरपंच को कई बार अवगत कराया गया, परन्तु अब तक खराब हैंडपंप को सुधारा नहीं गया है और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस प्रकार की लापरवाही के कारण गर्मी में ग्रामीणों को जल संकट से जूझना पड़ रहा है।



# अभिताभ की फिल्म 'शूबाइट' अटकी है 12 साल से ...

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन की 12 साल से अटकी फिल्म शूबाइट रिलीज हो सकती है। निर्देशक शुजीत सरकार ने अमिताभ बच्चन को लेकर वर्ष 2012 में फिल्म शूबाइट बनाई थी। शूबाइट कई तरह के विवादों के चलते अब तक रिलीज नहीं हुई है। शूबाइट के बाद शुजीत सरकार ने अमिताभ को लेकर फिल्म पिंक, पीकू और गुलाबो सिताबो बनाई। शुजीत सरकार चाहते हैं कि फिल्म शूबाइट रिलीज हो। शूजीत सरकार ने कहा, शूबाइट फिल्म मेरे दिल के काफी करीब है। मैं सभी को फिल्म शूबाइट दिखाना चाहता हूं कि इस फिल्म के लिए अमिताभ बच्चन ने किस तरह से अपना दिल और आत्मा निकालकर रख दी थी।



## लाइफ Style

# किआरा

## सलमान की फिल्म 'सिकंदर' में करेंगी काम

बॉलीवुड अभिनेत्री किआरा आडवाणी, दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में काम करती नजर आ सकती हैं। सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'सिकंदर' अनाउंस की थी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'सिकंदर' का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे। चर्चा है कि सलमान खान की फिल्म सिकंदर में किआरा आडवाणी नजर आ सकती हैं। सिकंदर के एलान के कुछ दिनों बाद ही उन्हें साजिद नाडियाडवाला के ऑफिस के बाहर स्पॉट किया गया। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं, कि सिकंदर में किआरा आडवाणी की एंट्री हो गई है। सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का प्रोडक्शन साजिद नाडियाडवाला कर रहे हैं।'सिकंदर' अगले साल ईद 2025 के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शायद आपको ये जानकर थोड़ी सी हैरानी होगी कि किआरा आडवाणी ने अपने 9 साल के करियर में 25 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। यही नही इनमें से ज्यादातर फिल्में सुपरहिट है। किआरा ने 2014 में फिल्म फगली से डेब्यू किया था हालांकि ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिटी। इसके बाद किआरा 2016 में सुशांत सिंह राजपूत स्टारर सुपरहिट फिल्म एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी में लीड रोल में नजर आई। इस फिल्म ने किआरा की किस्मत ही पलट दी और वो रातों रात स्टार बन गई।

## हॉलीवुड मसाला



# बनाया अपने 'मर्डर' का प्लान

**लॉस एंजिलस।** फेमस सीरीज 'ब्रेकिंग बैड' में काम करने वाले हॉलीवुड एक्टर जियानकार्लो एस्पोसिटो दुनियाभर में जाने जाते हैं। अब एक्टर ने एक शो में अपनी जिंदगी में आई आर्थिक दिक्कतों के बारे में बात की है। एक्टर ने बताया कि वो इतने परेशान थे कि उन्होंने अपने 'मर्डर' का प्लान बना दिया था ताकि उनके चारों बच्चे इंश्योरेंस के पैसे क्लेम कर सकें। जिम एंड सैम शो पर जियानकार्लो एस्पोसिटो ने कहा, 'मेरे दिमाग में बाहर निकलना का आइडिया ये थाः क्या आत्महत्या करने पर इंश्योरेंस मिलता है?



# एक दूसरे के सामने आए डेडपूल-वुल्वरीन

**लॉस एंजिलस।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की मच अवेटेड फिल्म 'डेडपूल एंड वुल्वरीन' को लेकर फैंस के बीच काफी उत्साह है। इस फिल्म में सालों के इंतजार के बाद एक्स-मेन में वुल्वरीन बने नजर आ चुके एक्टर ह्यू जैकमैन एक बार फिर अपने पुराने अवतार में लौट रहे हैं। इस फिल्म में वुल्वरीन और डेडपूल से लड़ाई करते और फिर उसके साथ मिशन पर जाते देखा जाने वाला है। फिल्म का नया ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म 'डेडपूल एंड वुल्वरीन', 26 जुलाई को सिनेमाघरों में हिंदी, इंग्लिश, तमिल और तेलुगू भाषा में रिलीज होगी। फिल्म का हिंदी ट्रेलर काफी मजेदार है। इसके डायलॉग सुनकर आपको हंसी तो आएगी ही, साथ ही आंखें भी फटी रह जाएंगी। नए टेलर में वुल्वरीन और डेडपूल को आपस में भिड़ते देखा जा सकता है।



# 6 साल बाद फिल्म इंडस्ट्री में करेंगी कमबैक


**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा 49 साल की हो गई हैं। प्रीति बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में शुमार की जाती हैं। उन्होंने कल हो ना हो, कभी अलविदा ना कहना, कोई मिल गया, सलाम नमस्ते, वीर जारा समेत कई बेहतरीन फिल्मों में काम कर इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई थी। प्रीति अब अमरीका में सेटल हो चुकी हैं, जहां वह पति जीन गुडइनफ और दो बच्चों के साथ रहती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रीति सनी देओल स्टारर फिल्म लाहौर 1947 से कमबैक कर सकती हैं। हाल ही में उन्हें इस फिल्म के लुक टेस्ट के लिए मुंबई के एक स्टूडियो में भी देखा गया था। प्रीति आखिरी बार भैयाजी सुपरहिट में नजर आई थीं। ये फिल्म 2018 में रिलीज हुई थी। इसके बाद उन्होंने फिल्मों में काम करना बंद कर दिया।




# किसके खिलाफ लड़ाई लड़ने आ रही फुले

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता प्रतीक गांधी और अभिनेत्री पत्रलेखा की आने वाली फिल्म 'फुले' का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। फिल्म 'फुले' में प्रतीक गांधी और पत्रलेखा की मुख्य भूमिका है। फिल्म में प्रतीक गांधी, महात्मा ज्योतिराव गोविंदराव फुले और पत्रलेखा उनकी पत्नी सावित्रीबाई फुले का किरदार निभाते नजर आयेंगी। फिल्म 'फुले' का पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। निर्देशक अनंत नारायण महादेवन ने बताया कि महात्मा और ज्योतिबा फुले ने जाति और भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ी, जो दुर्भाग्य से आज भी कायम है। मेरा लक्ष्य इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत को फिर से शुरू करना है जो हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं।

## टीवी मसाला



# 'बिग बॉस ओटीटी 3' देखना पड़ेगा आपकी जेब पर भारी!

**मुंबई।** 'बिग बॉस ओटीटी 3' इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग ये जानने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं कि शो कब शुरू होगा। 'बिग बॉस 17' खत्म होने के बाद से ही 'बिग बॉस ओटीटी 3' का इंतजार शुरू हो गया है। हर कोई जानना चाहता है कि इस बार शो में कौन-कौन से सेलिब्रिटी आएंगे और ये सीजन कैसा होगा।

***'बिग बॉस ओटीटी 3' में इस बार दिखेंगे ये बदलाव :*** रियलिटी टीवी शो को लेकर हर बार कई तरह की अफवाह सामने आती रही हैं। बताया जा रहा है कि इस सीजन में कई बदलाव होने वाले हैं। हाल ही में कहा जा रहा है कि ये सीजन फैंस फ्री में नहीं देख पाएंगे। जी हां 'बिग बॉस ओटीटी' और 'बिग बॉस ओटीटी 2' वूट और जियो सिनेमा पर फ्री में देखे गए थे। रिपोर्ट्स के मुतबाबिक अब जियो सिनेमा ने फैसला किया है कि दर्शकों को शो के एपिसोड और लाइव फीड देखने के लिए पैसे देने होंगे।

***इस तारीख से रिलीज होगा बिग बॉस ओटीटी 3' ?*** : मेकर्स ने हाल ही में शो का एक पोस्ट भी शेयर किया था और फैंस से पूछा था कि वे रियलिटी शो में किसे देखना चाहते हैं। हालांकि, शो के बारे में ताजा अपडेट के मुताबिक 'बिग बॉस ओटीटी 3' 4 जून या 5 जून को शुरू होगा। ये शो अगस्त तक चलेगा। बता दें कि 'बिग बॉस ओटीटी' केवल छह हफ्ते का गेम है। इसी के साथ रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि 'बिग बॉस 18' का प्रीमियर सितंबर या अक्टूबर से होगा।

### कई सेलिब्रिटीज को किया गया अप्रोच

वहीं शो के लिए कई सेलिब्रिटीज को अप्रोच किया गया है। हालांकि कुछ सेलेब्स के नाम भी लिस्ट में से सामने आ रहे हैं। जिसमें अरहान बहल, शहजादा धामी, प्रतीक्षा होनमुखे, शीज़ान खान, मैक्सटर्न, ठगेश, रोहित खत्री, दलजीत कौर, श्रीराम चंद्रा, अर्यांशी शर्मा, सैंकी उपाध्याय, तुषार सिलावट, रोहित ज़िन्जुर्के, मोहम्मद शामिल हैं।

# दिगांगना 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' के लिए तैयार



**मुंबई।** एक बड़े मुहर्त कार्यक्रम में फिल्म 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' की शुरुआत हुई, जिसमें फिल्म जगत के कई प्रसिद्ध लोग मौजूद थे। काकतीय हिल्स के वेंकटेश्वर मंदिर में आयोजित एक विशेष समारोह में शामिल होने वालों में दिल राजू, निर्देशक अनिल रविपुडी और साई कुमार जैसे बड़े नाम शामिल थे। वीरभद्रम चौधरी द्वारा निर्देशित, 'कृष्णा फ्रॉम बृंदावनम' एक मजेदार पारिवारिक मनोरंजक फिल्म होने का वादा करती है। इसमें दिगांगना सूर्यवंशी और आदि साई कुमार हैं।

# 'तुम्हारा क्या करूंगा मैं यार?' जब महेश ने मनोज से कही थी ये बात...

*मुंबई। दमदार एक्टर मनोज बाजपेयी ने अपना 55वां जन्मदिन मनाया। हाल ही में वह 'साइलेंस 2', 'किलर सूप' में नजर आए। मनोज बाजपेयी पहले टेलीविजन शो, फिर फिल्में और अब वेब सीरीज में अपना लोहा मनवा रहे हैं। बाजपेयी का करियर वक्त के साथ बुलंदियां छूता रहा, लेकिन इसकी शुरुआत काफी कठिन रही। अभिनेता ने बहुत स्ट्रगल किया और ताने भी सुने। दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट ने उन्हें ये तक कह दिया था कि वह हीरो नहीं दिखते, न उन्हें नाचना आता तो वह उनका क्या करेंगे। इसके बारे में खुद मनोज बाजपेयी ने अपने एक पुराने इंटरव्यू में किया था।*

### शेखर कपूर बोले- शादी के बाद बच्चों को क्या खिलाएगा

*अतिका फारूकी को दिए इंटरव्यू में अभिनेता ने बताया था कि 90 के दौर में शेखर कपूर ने उन्हें मुंबई जाने की सलाह दी थी। जब वह थिएटर करते थे तो शेखर ने उन्हें कहा था, 'रंगमंच हो गया, कल को जब वह शादी करोगे तो बच्चों को खिलाने के लिए पैसे चाहिए होंगे, इसलिए मुंबई चले जाओ। मनोज ने बताया कि वह डर गए और आगे की लाइफ को अच्छा बनाने के लिए मुंबई आ गए।*

### द्रोहकाल से डेब्यू, बैंडिट क्वीन से मिली पहचान

हालांकि मनोज बाजपेयी ने हार नहीं मानी और संघर्ष करते रहे। इसके बाद उन्हें फिल्म 'द्रोहकाल' में एक छोटा सा रोल मिला जो सिर्फ 1 मिनट का था। इसके बाद फिर उन्हें शेखर कपूर की फिल्म 'बैंडिट क्वीन' में काम करने का मौका मिला और फिर साल 1998 में उनके हाथ फिल्म 'सत्या' लगी। इस फिल्म से मनोज बाजपेयी को पहचान मिली। फिल्म में उन्होंने भीखू मात्रे का रोल निभाया था और इसे लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला था। उन्हें इस किरदार के लिए फिल्मफेयर भी मिला। आज वह अपने अलग-अलग किरदारों के लिए जाने जाते हैं।

### उस वक्त मेरे लिए कोई जगह नहीं थी



*मनोज बाजपेयी ने कहा कि उस वक्त वह खुद को फिट नहीं रख पाते थे। मनोज ने कहा था, "उस वक्त की जो स्थिति थी, उसमें हमारे लिए कोई जगह नहीं थी। हम जिस भी स्टूडियो में जाते थे, वहां पर या तो सिर्फ स्टार होते थे और शूटिंग होती थी। हर दूसरे फ्लोर पर गाने की शूटिंग चल रही होती थी। मनोज ने बताया कि उस वक्त हर कोई उन्हें रिजेक्ट कर देता था। जो उनकी तरफ देखता था वो कहता था कि इसका हम क्या करेंगे। मुझे भी लगा कि ये सच में हमारा क्या करेंगे।*



*मुंबई। अप्रैल माह का चौथा हफ्ता शुरू हो गया है, सिनेमा प्रेमियों के मन में सवाल उठ रहे होंगे कि इस हफ्ते क्या नया आया है देखने के लिए। हम आपके लिए ओटीटी पर इस हफ्ते रिलीज होने वाली फिल्मों और ओटीटी की पूरी लिस्ट लेकर आए हैं।जिन्हें आप नेटफ्लिक्स, अमेजन प्राइम वीडियो, जियो सिनेमा और डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर घर बैठे देख सकते हैं और गर्मी के दिनों में फैमिली संग एन्जॉय कर सकते हैं। दर्शकों के लिए अप्रैल का यह हफ्ता धमाकेदार साबित होने वाला है। आईए जानते हैं कि कौन सी फिल्में और वेब सीरीज कहां और कब रिलीज होने वाली हैं।*

# गर्मी में बाहर जाने की नहीं पड़ेगी जरूरत, ओटीटी पर रिलीज हो रही हैं ये एक्शन और थ्रिलर फिल्में

***रणनीतिः*** बालाकोट एंड बियॉन्ड जिमी शेरगिल, आशुतोष राणा और लारा दत्ता की 'रणनीतिः बालाकोट एंड बियॉन्ड' इस वीक से ओटीटी के दर्शकों के लिए उपलब्ध होगी। ये सीरीज 2019 बालाकोट हवाई हमलो पर आधारित है। इसे आप 24 अप्रैल के बाद जियो सिनेमा पर देख सकते हैं।

***दिल दोस्ती डिलेमा*** : दिल दोस्ती डिलेमा' एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसे गर्मियों की छुट्टियों में सजा के तौर पर उसके दादा-दादी के पारंपरिक मोहल्ले में भेज दिया जाता है। हालांकि अपनी सोशल इमेज बनाने के लिए वह दोस्तों से कहती है कि वह कनाडा जा रही है। इस वेब सीरीज में अनुष्का सेन, कुश जोतवानी, तन्वी आजमी, शिशिर शर्मा, सुहासिनी मुले, एलीशा मेयर, रेवती पिल्लई और श्रुति सेठ मुख्य भूमिका में हैं। यह 25 अप्रैल को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

***वश*** : 'वश' में हितु कनोडिया, नीलम पांचाल, हितेन कुमार, जानकी बोडीवाला और







आर्यन सांघवी हैं। फिल्म में एक परिवार प्रताप नाम के एक अजनबी से मिलता है, जो शुरू में उनकी मदद करता है, लेकिन बाद में उनके लिए परेशानी खड़ी कर देता है। आप इसे शेमारू पर 26 अप्रैल से देख सकते हैं।

***क्रैक*** : अर्जुन रामपाल और विद्युत जामवाल की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'क्रैक' मुंबई स्थित एक स्टंटमैन पर आधारित है, जो अपने भाई के लापता होने की सच्चाई जानने के लिए एक खेल टूर्नामेंट में हिस्सा लेता है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। यह फिल्म 26 अप्रैल को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

***टिल्लू स्क्वायर*** : 'टिल्लू स्क्वायर' की कहानी बाल गंगाधर तिलक उर्फ टिल्लू पर आधारित है, जिसकी लाइफ तब उलट-पुलट हो जाता है जब वह एक रहस्यमय हत्या के मामले में फंस जाता है. मल्लिक राम द्वारा निर्देशित तेलुगु फिल्म में अनुपमा परमेश्वरन मुख्य भूमिका में हैं। आप इस फिल्म को इस हफ्ते नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

***डेड बॉय डिटेक्टिव्स*** : इस सीरीज में जॉर्ज रेक्सट्रू और जेडन रेवरी मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह 25 अप्रैल को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

***भीमा*** : इस फिल्म की कहानी एक जासूस के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक छोटे से शहर के मंदिर में होने वाली रहस्यमयी घटनाओं की जांच करता है। फिल्म में गोपीचंद, प्रिया भवानी शंकर, मालविका शर्मा, नासर, नरेश, पूर्णा, वेनेला किशोर, रघु बाबू, मुकेश तिवारी, छम्मक चंद्र, निहारिका कोनिडेला और रोहिणी अमह भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 25 अप्रैल को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

## खबर संक्षेप



### दर्री हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम की हुई घोषणा

**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हिन्दी माध्यम हाईस्कूल दर्री स्थानीय परीक्षा एसए 2 कक्षा 9वीं का परीक्षा परिणाम घोषित मारवाड़ी युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष मनीष अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं संस्था की प्राचार्य श्रीमती मीना साहू की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। सर्व प्रथम भारतीय परम्परानुसार ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर अतिथि सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में विद्यालय गतिविधियों की सराहना करते हुए मनीष अग्रवाल ने बोर्ड परीक्षा में टाप 10 में आने पर अपनी ओर से 2100 एवं आकर्षक व शानदार मेमेन्टो देने की घोषणा कर विद्यार्थियों को बेहतर से बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कक्षा में प्रथम कु भूमि पटेल 91.34 प्रतिशत दूसरा स्थान कु संतोषी सूर्यवंशी 76.67 प्रतिशत एवं कु रिया केंवट 76.67 प्रतिशत तीसरा स्थान कु रिया साहू 74 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने माता पिता का नाम रोशन करने वाले विद्याथियों को प्रगति पत्रक कापी पेन देकर उनका सम्मान किया गया। श्रीमती मीना साहू प्राचार्य ने विद्यालय की गतिविधियों पर प्रकाश डालते पालकों को सक्रिय भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर अपने बच्चों की परीक्षा परिणाम के लिए आए हुए पालकवृंद कक्षा 9वीं के सभी विद्यार्थियों विद्यालय के समस्त व्यख्याता केपी कुलमित्र, सुश्री अनुराधा शुक्ला, श्रीमती कविता कौशिक, श्रीमती अन्नपूर्णा पान्डेय, श्रीमती हेमलता करियारे का सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता गेंदलाल भास्कर द्वारा किया गया।

### डाक मतपत्र से मतदान करने सुविधा केंद्र हुआ स्थापित

**कोरबा।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन अंतर्गत संसदीय क्षेत्र क्रमांक 4 कोरबा के तहत आने वाले सभी अधिकारी कर्मचारी जो सामान्य निर्वाचन कर्तव्य पर तैनात है के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने हेतु सुविधा केंद्र तथा अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाताओं हेतु सुविधा केंद्र स्थापित की गई है। इसके अंतर्गत जिला पंचायत संसाधन केंद्र परिसर कोरबा में सुरक्षा बल एवं नगर सेना 29 एवं 30 अप्रैल को, मतदान दल कर्मचारी एवं अन्य जिलों से प्राप्त डाक मतपत्र के आवेदक, वाहन चालक हेतु 1 से 6 मई तक, अनिवार्य सेवा श्रेणी मतदाता हेतु 1 से 3 मई प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान कर सकते हैं। इसी तरह शासकीय मुकुटधर पाण्डेय महाविद्यालय कटघोरा में सुरक्षा बल एवं नगर सेना अंतर्गत मतदाता 29 एवं 30 अप्रैल को 9 से 5 बजे तक मतदान कर सकते हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत ने संबंधित शासकीय अधिकारी/कर्मचारी को निर्धारित दिनांक एवं समय पर सुविधा केंद्र में मतदान की अपील की है।

### छत्तीसगढ़ ठेका कामगारों के हक़ में लामबंद हुई एकजुटता

**कोरबा।** आउटसोर्सिंग कंपनियों में कार्यरत मजदूरों के शोषण और अधिकारों के हनन के खिलाफ एकजुट होकर, छत्तीसगढ़ ठेका कामगार यूनियन का गठन किया गया है। इस यूनियन का मुख्य उद्देश्य औद्योगिक संस्थानों, कोयला खदानों और अन्य क्षेत्रों में कार्यरत ठेका कामगारों के वेतन, भत्ते, मेडिकल, सुरक्षा और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं का समाधान करना है। संगठन के अध्यक्ष संतोष चौहान और सचिव विनोद कुर्रे को चुना गया है। आगामी तीन महीनों में संगठन का विस्तार पूरे राज्य में करने का लक्ष्य रखा गया है। नराईबोध के भूविस्थापित भवन में आयोजित बैठक में विभिन्न उद्योगों में काम करने वाले नेतृत्वकारी साथियों ने भाग लिया। बैठक में ऊर्जाधानी भूविस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपूरन कुलदीप ने मजदूरों के अधिकारों और सामाजिक सुरक्षा के मुद्दों पर जोर दिया। संगठन का विस्तार पूरे छत्तीसगढ़ राज्य में करने की योजना है। इसके लिए, जिले के कोयला खदानों, बिजली संयंत्रों, नहरों, सड़कों, रेल कॉरिडोर, बालको और अन्य परियोजनाओं में काम करने वाले मजदूरों को संगठित किया जाएगा।

## निधन

### श्रीमती नारायण बाई साहू



**कोरबा।** रशियन हॉस्टल, सीएसईबी निवासी गोपाल साहू की धर्मपत्नी श्रीमती नारायण बाई का दुःखद निधन हो गया, वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थीं। उनका अंतिम संस्कार रशियन हॉस्टल स्थित मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजनों ने उन्हें अंतिम विदाई दी। वे अपने पीछे पुत्र-पुत्री, नाती पोतों से भरा-पूरा परिवार शोकसंतप्त छोड़ गईं हैं।

## कोरबा एसडीएम ने ली प्रतिष्ठानों की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

# सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में देंगे सक्रिय सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

समस्त सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठान लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर संचालित किए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अपने आधिपत्य वाले क्षेत्रों, आवासीय कालोनियों आदि में विभिन्न दृश्य व श्रब्य माध्यमों आयोजनों, फ्लैक्स, बैनर, पोस्टर, रैली आयोजन व अन्य गतिविधियों से मतदाताओं, विशेषकर प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करेंगे। 1 मई श्रमिक दिवस के मौके पर विशेष कार्यक्रम आयोजित कर अनिवार्य मतदान के लिए श्रमिकों कर्मचारियों को मार्गदर्शन देंगे, साथ मतदान के दिन श्रमिकों को मतदान हेतु एक निश्चित समयावधि का अवकाश देंगे।

उल्लेखनीय है कि विगत चुनावों में सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों के रहवासी व आवासीय क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत अत्यंत कम व निराशाजनक रहा है। शत प्रतिशत मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें, यह जिला प्रशासन का लक्ष्य है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में इस लक्ष्य की प्राप्ति हेतु व्यापक पैमाने पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं तथा इस अभियान से सभी को जोड़ा जा रहा हैं। इसी कड़ी में कलेक्टर के मार्गदर्शन व निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई तथा जिला पंचायत सीईओ संबित मिश्रा के दिशा निर्देशन में एसडीएम केरबा श्रीकांत वर्मा ने निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में नगर के सभी सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों की बैठक लेकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिष्ठानों की विशेष सक्रिय सहभागिता पर बिन्दुवार चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व के चुनावों में यह बात परिलक्षित हुई है कि सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों के आवासीय क्षेत्रों वाले मतदान केन्द्रों में मतदान का प्रतिशत अत्यंत कम रहा है, जो अफसोसजनक है। सभी प्रतिष्ठान मतदाता जागरूकता की दिशा में पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करें तथा विभिन्न माध्यमों से अपने कर्मचारियों, श्रमिकों व अन्य मतदाताओं को अनिवार्य मतदान हेतु प्रेरित व प्रोत्साहित करें। उन्होने कहा कि अपने आधिपत्य वाले क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों को माडल के रूप में डेकोरेट करें, सेल्फी प्वाइंट बनाए ताकि लोगों का आकर्षण बढे. तथा वे मतदान हेतु मतदान केन्द्रों का रूख करें। उन्होने कहा कि मतदान दिवस तक प्रतिदिन विविध जागरूकता गतिविधियों को संचालित करें, इवेंट आयोजित करें तथा अपने कर्मचारियों व श्रमिकों को मतदान की शपथ दिलाएं।



बैठक में उपस्थित अधिकारी कर्मचारी।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने हरसंभव प्रयास

बैठक के दौरान सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों के अधिकारियों ने कहा कि जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में सभी प्रतिष्ठानों द्वारा कर्मचारियों को मतदान हेतु लगातार प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही होर्डिंग, पम्पलेट, क्लब की गतिविधियों, विद्यालयों आदि के माध्यम से मतदाता जागरूकता का कार्य आगे किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता संबंधी स्लोगन, मतदान तिथि व समय सहित आवासीय क्षेत्र की दीवालों पर अंकित कराकर लोगों को अनिवार्य मतदान के प्रति प्रेरित व प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके साथ ही कर्मचारी संघों के माध्यम से श्रमिकों में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के साथ-साथ अन्य विभिन्न प्रचार प्रसार माध्यमों से इस दिशा में कार्य करेंगे। मतदान केन्द्रों को डेकोरेट कर माडल के रूप में सुसज्जित करने के साथ ही अन्य गतिविधियों का संचालन भी होगा।

### बाइक रैली कल

27 अप्रैल को शाम 5 बजे जिला स्तरीय स्वीप बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा। बाइक रैली में सभी विभाग के प्रतिभागी रहेंगे, इसके लिए हेलमेट अनिवार्य है। इसी प्रकार 28 अप्रैल को साइकल रैली, दिव्यांग रैली, नववधु सम्मेलन जागरूकता कार्यक्रम, कॉलेज/स्कूली बच्चों का मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, एनसीसी एनएसएस एवं स्काउट गाइड द्वारा नुक्कड़ नाटक एवं रैली तथा मतदाता जागरूकता पर संदेश और फ्लैशमॉब कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 28 अप्रैल को साइकल रैली का आयोजन शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट गेट से सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड तक की जाएगी। प्रतिभागियों को अपनी-अपनी साइकल लाना होगा। दिव्यांग रैली का आयोजन शाम 5.30 बजे से प्रारंभ होगा। रैली सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड से सीएसईबी चौक होकर वापस ग्राउण्ड तक पहुंचेगी। नववधू सम्मेलन जागरूकता कार्यक्रम सुबह 5.35 बजे से सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में आयोजित होगी। इसके तहत प्रतिभागी मेहंदी, रंगोली एवं शपथ कार्यक्रम में भाग लेंगे। सीएसईबी फुटबॉल ग्राउण्ड में शाम 5.40 बजे से कॉलेज स्कूली छात्र-छात्राओं का मानव श्रृंखला एवं साप्ताहिक गतिविधियों के प्रत्येक विभागों के प्रथम एवं द्वितीय प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। एनसीसी, एनएसएस एवं स्काउट गाइड द्वारा शाम 5.50 बजे नुक्कड़ नाटक एवं रैली मतदाता जागरूकता का संदेश कार्यक्रम आयोजित किया गया है और शाम 6 बजे टीपी नगर स्थित पॉम मॉल में फ्लैशमॉब कार्यक्रम के तहत कॉलेज के बच्चों द्वारा डांस का आयोजन किया जाएगा।

# पंचायतों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजित



जागरुकदता रैली में शामिल महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा निर्वाचन के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, महिला, पुरूषों के द्वारा स्वीप की गतिविधियों के तहत मानव श्रृंखला, रैली, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन व निबंध प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर सतत रूप से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

पोंडी उपरोड़ा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम मुकुआ ग्राम पंचायत मेरई, लैंगा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण महिलाओं के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र में मतदाता जागरूकता हेतु रंगोली एवं पोस्टर बनाकर ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं ने मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई तथा मतदाता जागरूकता रैली के माध्यम से मतदान करने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। ग्राम पंचायत मौहाडीह में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए पोस्टर बनाकर गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। इसी प्रकार जनपद पंचायत पाली के ग्राम पंचायत हरदीबाजार में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के समूह की महिलाओं के द्वारा लोकसभा निर्वाचन में सभी मतदाताओं के द्वारा मतदान करने की सामूहिक शपथ लेकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने का संदेश दिया। जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत लबेद के विशेष पिछड़ी जनजाति क्षेत्र करूमौहा में शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए चुनाव जागरूकता अभियान चलाया गया जिसके तहत विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोगों को मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। विकासखंड पोंडी उपरोड़ा अंतर्गत ग्राम पंचायत घरीपखना में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### डोर टू डोर संपर्क

लोकसभा निर्वाचन के दौरान मानव श्रृंखला, रैली, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन व निबंध प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर सतत रूप से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। जनपद पंचायत पाली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लाफा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा ग्रामीणों को लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के द्वारा स्वामी आत्मानंद स्कूल अरदा के श्री प्रीतम लाल राजवाड़े के नेतृत्व में मतदान करके लोकतंत्र को सशक्त बनाने के लिए डोर-टू-डोर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।

# ओवर ईटिंग, असमय एवं गुणवत्ताहीन भोजन हमारे स्वास्थ्य में सबसे बड़े बाधकः डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति के संस्थापक सदस्य एवं शिव औषधालय के संस्थापक स्वर्गीय पंडित विद्याधर शर्मा की पुण्यतिथि के अवसर पर 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार को मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति एवं शिव औषधालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित वृहद् निःशुल्क दंत रोग, अस्थि खनिज, घनत्व जांच तथा आयुर्वेद चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर का शुभारंभ आरोग्य के देवता भगवान धन्वन्तरी, भारत माता एवं मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति के संस्थापक सदस्य एवं शिव औषधालय के संस्थापक स्वर्गीय पंडित विद्याधर शर्मा के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर उनके समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजन कर किया गया।

शिविर में दांत, आंख, नाक, कान, गले, हृदय रोग, शिशुरोग, गुदरोग, स्त्रीरोग, वात, श्वास, चर्म रोग, ब्लड प्रेसर, मधुमेह, सर्दी खांसी बुखार आदि जटिल एवं सामान्य रोगों से पीड़ति स्त्री, पुरुष एवं बच्चों को मिलाकर 253 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें उचित सलाह देकर न केवल औषधियां प्रदान की गई अपितु आयुर्वेदानुसार जीवन शैली को अपनाकर जीवन जीने की कला भी सिखाई गई जिससे सभी आरोग्य रहें। जो कि संस्थान का उद्देश्य भी है। इस विषय पर विस्तार से बताते हुये संस्थान के प्रमुख चिकित्सक नाड़ी वैद्य डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा ने कहा किहमें अपने आहार की मात्रा, उसके समय एवं उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देना होगा। जिसके लिये हमे ओवर ईटिंग, असमय एवं गुणवत्ताहीन भोजन नहीं करना चाहिये जो कि हमारे सुस्वास्थ्य मे सबसे बड़ा बाधक है।



शिविर में जानकारी देते डॉ.शर्मा व अन्य।

# शराब दुकानों की सुरक्षा भगवान भरोसे

**कोरबा।** जिले के देसी विदेशी शराब दुकानों की सुरक्षा भगवान भरोसे है। आए दिन शराब दुकानों में लूटपाट की घटना हो रही है। इसके बाद भी विभाग शराब दुकानों की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है। जिसके चलते ऐसी घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। एक दिन पहले ही पाली स्थित शराब दुकान में 3 लाख रुपए की लूट की वारदात हुई है। जिससे एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था की पोल खुल गई है। हालांकि पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरों के गिरेबान तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। उल्लेखनीय है कि जिले में 16 देसी और 17 विदेशी शराब दुकान हैं। इन शराब दुकानों में सुरक्षा के नाम पर भले ही सुरक्षा कर्मियों की तैनाती है लेकिन वह भी बिना हथियार के होते हैं। जिसके चलते देर रात जब दुकान बंद करने का समय होता है ऐसे में शराब दुकानों में दिनभर की बिक्री की रकम लाखों रुपए पड़ी रहती है। ऐसे में लुटेरे लूट की मकसद से मौके पर पहुंचते हैं। सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोलते हुए वे शराब दुकान में घुसकर लाखों की रकम लेकर फरार हो जाते हैं। पिछले कुछ महीनों के दौरान जिले में इस तरह की दो घटनाएं सामने आयी हैं। पहली घटना दर्री थाना क्षेत्र के गोपालपुर शराब दुकान में सामने आई थी। जहां कट्टे की नोक पर लुटेरों ने लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। हालांकि इस वारदात में शामिल एक आरोपी को पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की थी लेकिन इस घटना के कुछ दिनों बाद फिर से बुधवार की रात पाली थाना क्षेत्र के शराब दुकान में कट्टे की नोक पर लूट की वारदात होने से निश्चित तौर पर शराब दुकानों की सुरक्षा की पोल खुल गई है।

### खास बात

- एक दिन पहले ही पाली स्थित शराब दुकान में 3 लाख की हुई थी लूट

# माइक्रो आब्जर्वरों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लोकसभा निर्वाचन को सकुशल, पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन कार्य हेतु नियुक्त किए गए माइक्रो ऑब्जर्वर को सामान्य प्रेक्षक प्रेम सिंह मीणा एवं कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर डॉ.एमएम जोशी द्वारा गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया।

कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि निर्वाचन कार्यों में सहभागिता देना बड़े ही गर्व का विषय है। इस के लिए आप सभी प्रशिक्षण में निर्वाचन से संबंधित अपने दायित्वों के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर सौंपे गए दायित्व का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करें। उन्होंने बताया की लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत जिले के विधानसभा में निर्वाचन संपन्न कराने की पूरी जिम्मेदारी महिला मतदान कर्मियों को सौपीं गई है। जिले के चिन्हित 70 से अधिक संवेदनशील पोलिंग बूथ हेतु माइक्रो ऑब्जर्वर की ड्यूटी लगाई गई है। जिनमें कोरबा विधानसभा के 61 मतदान केंद्र शामिल है। इन मतदान केंद्रों में महिला माइक्रो ऑब्जर्वर की ही नियुक्ति की गई है। कलेक्टर ने महिला माइक्रो ऑब्जर्वर का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आपका कार्य मतदान प्रकिया का सूक्ष्म निगरानी करना है। मतदान दिवस को पोलिंग बूथ में सबेरे होने वाले मॉकपोल सहित मतदान की पूरी प्रक्रिया का सूक्ष्म अवलोकन करना है। साथ ही नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल उच्च अधिकारी को सूचित करना है।

### पीठासीन पदाधिकारी की डायरी में समस्त गतिविधियां होंगी दर्ज

**कोरबा।** मास्टर ट्रेनर डॉ.जोशी ने उपस्थित माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण देते हुए बताया कि मतदान केंद्र में मॉक पोल के दौरान मतदान अभिकर्ता की उपस्थिति/अनुपस्थिति पर नजर रखनी है। प्रत्येक घंटे में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और मतदाता रजिस्टर से आंकड़े का मिलान करते रहेंगे, ताकि मतदान की स्थिति स्पष्ट होती रहे। उन्होंने बताया कि केंद्र में मतदाता परिचय पत्र से कितने मतदाताओं ने वोट दिया और एएसडी सूची से कितने मतदाताओं ने वोट दिया, इसका अवलोकन करना है। साथ ही पीठासीन पदाधिकारी की डायरी में समस्त गतिविधियां दर्ज हों यह भी सुनिश्चित करना है। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा उपस्थित माइक्रो ऑब्जर्वर को डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से तकनीकी जानकारी भी प्रदान की गई।

## बिजनेस साइट

### ऑप्टिक पैलेस में कोडेक लेंस पर एक लेंस फ्री




**कोरबा।** कैमरे की विस्तृत श्रृंखला बनाने वाली विश्व की प्रसिद्ध कंपनी कोडेक चश्में के ग्लॉस बनाने में भी विश्व में एक बड़ा ब्रांड बन गई है। विश्व स्तरीय कंपनी के कोडेक कंपनी का एक ग्लॉस लेने पर एक ग्लॉस साथ में फ्री दिया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा के शुभदा कॉम्प्लेक्स स्थित ऑप्टिक पैलेस के संचालक मोहम्मद नवाज मेमन ने आगे बताया कि ҭयह योजना 30 अप्रैल तक के लिए ही है। उन्होंने कोडेक के उत्पादों विस्तृत श्रृंखला की जानकारी देते हुए कहा कि कोडक के उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला में नो-ग्लेयर ग्लॉस, ब्लू कट ग्लॉस, प्रोगेसिव ग्लॉस, रीडिंग ग्लॉस, बाइफोकल ग्लॉस, सिंगल विजन ग्लॉस, सन ग्लॉस शामिल है। कोडेक का विजन आपके जीवन में रंग भरता है। जब आप इस ब्रांड को अपनाते हैं तो प्रतिदिन आपको कुछ नया सा अनुभव होगा और यही इस ब्रांड की सबसे बड़ी विशेषता है, जिसके कारण नेत्र विशेषज्ञ भी कोडेक को अपनाने का सुझाव देते हैं।

# रामपुर की जनता लगाएगी मोदी की गारंटी पर जीत की मुहरः डॉ.सरोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गरुवार को कोरबा लोकसभा की बीजेपी प्रत्याशी डॉ.सरोज पांडेय रामपुर विधानसभा में अपने जनसंपर्क के दौरे में रही, सरोज पांडेय ग्राम मदनपुर पहुंची जहां स्थानीय लोगो व कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। वहीं सरोज पांडेय ने अलग अलग स्थानों में सभाएं लेकर जनता को संबोधित किया।

मदनपुर में आयोजित जनसभा के दौरान सरोज पांडेय ने जनता के बीच केंद्र की मोदी सरकार व प्रदेश की साय सरकार की अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं और विकास के मॉडल के बारे में बताते हुए कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार चौबीस घंटे जनता व देश-प्रदेश के विकास में तत्पर रहती है जिसका जीता जागता उदाहरण मैं विधानसभा चुनाव में भाजपा सरकार बनने पर जनता के विश्वास को मानती हूं। बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडेय ने कहा कि मोदी की गारंटी पर छत्तीसगढ़ की महिलाओं को मिला 1000 प्रतिमाह और सालाना के मिलेंगे 12000 मिलेंगे यह राशि माताओं बहनों के जीवन मे कई परिस्थितियों में बदलाव की स्थिति की दशा और दिशा को तय करेगा। रामपुर में जनसभा के दौरान सुश्री पांडेय ने कहा कि रामपुर व कोरबा लोकसभा के विकास की गारंटी दे रही हूं जिसके लिए यहां की जनता से आशीर्वाद व समर्थन मांगने आई हूं। वह रामपुर विधानसभा को विकास से अछूत के दशा से बाहर निकालकर यहां के हर वर्ग व हर क्षेत्र में चहुमुंखी विकास के लिए बढ़चढ़कर प्रयास करूंगी और जनता के बीच सुख दुःख बाटने का में भी मौजूद रहूंगी। सुश्री सरोज पांडेय ने राठिया समाज के कार्यक्रम में कहा कि वह रामपुर विधानसभा में राठिया समाज के लिए एक बड़े भवन का निर्माण कराएंगी। जिससे राठिया समाज के लोगो को छोटे बड़े कार्यक्रम के आयोजन में सुविधा मिल सके। इस दौरान पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर, बीजेपी जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, राठिया समाज के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा राठिया, महासचिव जैहरी सिंह राठिया, भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत, बीजेपी नेता गोपाल मोदी, राजा साहब शक्ति, सहित समाज के सभी वरिष्ठ युवा, महिला सहित प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

### खास बात

- रामपुर व कोरबा लोकसभा के विकास की गारंटी पर आशीर्वाद व समर्थन मांगने आई हूं



सभा को संबोधित करतीं डॉ.सरोज।

## पृष्ठ 1 का शेष


### नये सत्र से जिले...

स्कूल की शिक्षा के लिए 2 से 3 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। ऐसे स्थानों में प्राइमरी स्कूल का संचालन किया जाएगा। लोक शिक्षण संचालक द्वारा शिक्षा विभाग को भेजे गए पत्र में 22 बिंदुओं में जानकारी मांगी गई है। जिनमें नई बस्ती और पारा टोले की आबादी में शामिल है। तीन वर्ष पूर्व शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर प्राथमिक शाला से पूर्व माध्यमिक शाला और पूर्व माध्यमिक शाला से हाईस्कूल का उन्नयन किया गया था, किंतु नई प्राथमिक शाला नहीं खुली थी, लेकिन वर्तमान में लोक शिक्षण संचालक के द्वारा बढ़ती आबादी के मद्देनजर नई प्राथमिक शाला शुरू करने के संबंध में भी प्रस्ताव मांगे हैं। शासन के नियम के तहत हर एक किलोमीटर में एक प्राथमिक शाला खोली जा रही है। पिछले कुछ वर्षों से नये पारे टोले बनने के कारण ऐसे स्थानों में शिक्षा सुविधा का विस्तार करने के उद्देश्य से प्रस्ताव मांगे गए हैं।

### आखिरकार सब स्टेशन...

स्टेशनों में विद्युत विभाग के कर्मचारियों की तैनाती की गई थी लेकिन जिस तरह से गर्मी के दौरान विद्युत व्यवस्था का संचालन करना किसी चुनौती से कम नहीं था। इसे लेकर विद्युत विभाग के अधीक्षक यंत्री पीएल सिदार ने ठेकेदार जेबीसी और हड़ताल कर रहे ठेका श्रमिकों की एक त्रिपक्षीय वार्ता बुलाई थी जहां त्रिपक्षीय वार्ता में ठेका कर्मचारी को माह मार्च का वेतन माह मई के 1 से 5 मई के बीच में भुगतान कर दिया जावेगा एवं अप्रेल का वेतन भुगतान के साथ अगस्त 2023 से जनवरी 2024 का बोनस माह मई के अंत तक कर दिया जावेगा। प्रत्येक माह की समाप्ति के तीन दिवस के भीतर अपनी उपस्थिति पत्रक ठेकेदार को देंगे उसके 10 दिवस के भीतर उपकेन्द्र ऑपरेटरों के वेतन का भुगतान ठेकेदार द्वारा कर दिया जावेगा। सभी ठेका कर्मचारियों को यह निर्देशित किया गया कि कंपनी के नियमानुसार 8 घंटे की सेवा अनिवार्य रूप से देवें। नियम का पालन न होने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, जिसकी जवाबदारी उनकी स्वयं की होगी जैसी बातों पर सहमति बनी और वार्ता समाप्त हुई।

## कोरबा मार्केट



## खबर संक्षेप



### प्रदेश साहू संघ की नई कार्यकारिणी का गठन

**कोरबा**। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के द्वारा प्रदेश स्तर पर नए पदाधिकारी का गठन किया गया जिसमें कोरबा जिले के गिरधारी लाल साहू को प्रदेश उपाध्यक्ष, गजानंद साहू को प्रदेश संगठन सचिव एवं पालु राम साहू (पार्षद) को प्रदेश प्रचार सचिव बनाया गया है। जिसमें इकाई मानिकपुर साहू समाज के द्वारा 21 अप्रैल को शाम 5 बजे सुभाष चौक कोरबा में नवीन पदाधिकारी का सम्मान का आयोजन किया गया था। प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधारी लाल साहू ने समाज को संगठित करने एवं एकजुटता के साथ सामाजिक विकास करने की बात कही। साहू समाज के बालाराम साहू, चितरंजन साहू, राजेश्वर साहू, दिनेश साहू, रामेश्वर साहू, सियाराम साहू, अवध राम साहू, बुद्धेश्वर साहू, भागवत साहू, एन.डी.साहू, संतु साहू, श्रीमती अंजू साहू, मुरारी साहू, रामकिशोर साहू, छबि लाल साहू, रामलाल साहू, गणेश प्रसाद साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### श्याम भजन संध्या का आयोजन



**हरदीबाजार**। हरदीबाजार में श्याम भजन संध्या का आयोजन हरदीबाजार में जगदीश अग्रवाल के द्वारा बुधवार को आयोजित किया गया था। हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा खाटूश्यामजी का दरबार सजाया गया। सभी भक्तों ने आरती कर बाबा का जयकारे लगाते हुए आशीर्वाद लिया। वहीं शक्ति से आए श्याम भजन गायक अभिषेक गर्ग ने अपने भजनों से सभी भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। बिलासपुर से आईं श्याम भजन गायिका रुचिका तिवारी ने अपने मधुर आवाज से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सभी बाबा खाटूश्यामजी के लिए गीत पर ताली बाजाकर रमे रहे। इस दौरान गुरुदेव नारायण महाराज अपनी धर्मपत्नी, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, थापा बाई अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, चुलेश्वर राठौर, श्यामू जायसवाल, रितेश अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, हरिराम अग्रवाल, विनोद उपाध्याय, राजाराम राठौर, प्रमोद राठौर, डां.विजय राठौर, कन्हैया राठौर, दिलीप राठौर, सुरेश राठौर, ब्रह्मानंद राठौर, नरेश राठौर, जेपी तिवारी, दीपक राठौर, जितेन्द्र राठौर, मोना राठौर, सत्या कंवर, घनश्याम जायसवाल, कमलेश जायसवाल, हरिशंकर पटेल, बलदेव यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

### श्रीराम कथा एवं श्रीराम विवाह का आयोजन 1 मई तक

**हरदीबाजार**। ग्राम पंचायत उतरदा के रेलडबरी शाकम्भरी मंदिर प्रांगण में समस्त ग्रामवासी पटेल समाज के द्वारा श्रीराम कथा एवं श्रीराम विवाह, श्रीराम नाम जप एवं लेखन अनुष्ठान 25 अप्रैल से आरंभ होकर 1 मई को श्रीराम जानकी विवाह, पाणिग्रहण संस्कार एवं 2 मई को हवन, सहस्त्रधारा, ब्राह्मण भोजन व प्रसाद वितरण किया जाएगा। कथा व्यास पीठ से कथा वाचिका पंकजा दीदी व प्रज्ञा दीदी अपने मुखारविंद से शाम 4 बजे से हरि इच्छा तक कथा श्रवण कराएंगे। प्रतिदिन प्रातः मानस पाठ व दैनिक प्रार्थना, आरती पश्चात भोजन भंडारा होगा। समस्त क्षेत्रवासी एवं ग्रामवासियों को इस धार्मिक अनुष्ठान में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य के भागी बनने का आग्रह किया गया है।

## यात्रियों को धूप में खड़ा होकर करना पड़ता है इंतजार

# अमृत मिशन में शामिल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म 2 में अभी तक नहीं बना पूरा शेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


केन्द्र सरकार की अमृत मिशन योजना में शामिल कोरबा रेलवे स्टेशन में वाहन स्टैंड से लेकर यात्री प्रतिक्षालय एवं सौंदर्यीकरण जैसे कार्य किए जाने की स्वीकृति मिलने के साथ फंड भी जारी हुआ है, किंतु प्लेटफार्म क्रमांक 2 यात्रियों को अभी भी धूप में गाड़ियों का इंतजार करना पड़ता है। प्लेटफार्म में सभी जगह शेड का निर्माण नहीं होने से यात्रियों के समक्ष यह मजबूरी है।

**खास बात**

- अमृत मिशन योजना में शामिल है कोरबा

रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म क्रमांक 1 में जहां शेड का विस्तर किया गया है। वहीं दूसरी ओर प्लेटफार्म क्रमांक 2 के दोनों हिस्सों में शेड निर्माण की दरकार बनी हुई है। जितनी जगह शेड बना है गर्मी और बरसात में यात्रियों को खड़े होने की जगह भी कम पड़ जाती है, जबकि यात्रियों के लिए प्लेटफार्म में शेड का होना आवश्यक सुविधा में शामिल है। किंतु रेलवे को करोड़ों का राजस्व देने वाले कोरबा रेलवे स्टेशन को कई सुविधाओं का इंतजार है। जिनमें सर्वसुविधायुक्त वेटिंग हॉल के साथ शेड का निर्माण शामिल है। प्लेटफार्म क्रमांक 2 की स्थिति ऐसी है कि गर्मी में यात्रियों को पानी भी सुलभ नहीं हो पाता। सुविधा के लिए जो व्यवस्था की गई है वह भी व्यवस्थित नहीं है। प्लेटफार्म क्रमांक 2 में एक ओर ही शौचालय और पेयजल का प्रबंध है। वहीं दूसरा हिस्सा इससे दूर नजर आ रहा है। अमृत मिशन की योजना अंतर्गत रेलवे स्टेशन में सौंदर्यीकरण का कार्य पहले शुरू किया गया है। वाहन पार्किंग के स्थान पर रेलवे प्रबंधन गार्डन का निर्माण करा रहा है, किंतु यात्रियों के लिए शेड निर्माण कार्य को प्राथमिकता से नहीं लिया गया।

परिणाम यह है कि जीतने समय में गार्डन का निर्माण होगा उतने ही समय में प्लेटफार्म क्रमांक 2 में शेड का निर्माण किया जा सकता था, किंतु प्रबंधन को रेलवे स्टेशन की सुंदरता की ज्यादा जरूरत महसूस हुई। वहीं शेड निर्माण को लेकर काम अब तक नहीं शुरू हुआ।



कोरबा का रेलवे स्टेशन जहां अधूरा पड़ा है निर्माण कार्य।

### टीन के शेड में चल रहा टिकट काउंटर



रेलवे स्टेशन के सेकेंड एंट्री में टिकट काउंटर टीन के शेड में चल रहा है। यात्रियों को सुविधा देने के उद्धेश्य से रेलवे ने मानिकपुर कोल साइडिंग की ओर सेकेंड एंट्री की शुरूआत की थी, कितु आज वह विरान नजर आ रही है। यात्रियों के लिए बनाए गए टिकट घर टीन के शेड में चल रहा है। एसईसीएल मुड़ापार की ओर से आने वाले यात्रियों को यह टिकट घर कभी कभार बंद नजर आता है। हालांकि रेलवे अधिकारियों का कहना है कि ट्रेन छूटने के पहले ही टिकट घर खोला जा रह है।

### लंबे समय से बनी हुई है दरकार

प्लेटफार्म क्रमांक 2 में यात्री गाड़ियों के परिचालन से प्लेटफार्म क्रमांक 1 की तरह ही सर्वसुविधायुक्त तैयार करने की योजना बनी थी, जो अब तक मूर्तरूप नहीं ले सकी, जबकि प्लेटफार्म क्रमांक 2 में शेड निर्माण की दरकार लंबे समय से बनी हुई है। यात्री सलाहकार समिति एवं रेलवे संघर्ष समिति के द्वारा प्लेटफार्म क्रमांक 2 में यात्री सुविधाएं बढ़ाने के मद्देनजर कई मर्तबा रेलवे अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर यात्रियों को होने वाले असुविधाओं से अवगत भी कराया गया है।



# प्रयास स्कूल के 6 छात्र जेईई मेंस में सफल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गुरूवार को घोषित किए गए जेईई मेंस परीक्षा परिणाम में जिले में संचालित प्रयास स्कूल के 6 छात्रों ने सफलता प्राप्त की है, 22 छात्र परीक्षा में सम्मिल हुए थे। प्रयास स्कूल में विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा छात्रों को जेईई मेंस और नीट की तैयारी कराई जाती है। लगातार जेईई मेंस परीक्षा में प्रयास स्कूल के छात्रों को सफलता मिल रही है।

जेईई मेंस परीक्षा के लिए प्रयास स्कूल के 22 छात्रों ने अपना पंजीयन कराया था। जिले के प्रयास स्कूल के 6 छात्रों को सफलता मिली है। जिन छात्रों को सफलता मिली है उनमें दो छात्रों को प्रथम स्थान मिला है। स्कूल में एससी, एसटी, ओबीसी और सामान्य श्रेणी के टॉपर छात्रों को कोचिंग दी जाती है। स्कूल के बोर्ड परीक्षा में टॉप करने वाले छात्रों को प्रयास स्कूल में प्रवेश दिया जाता है। जिसमें विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा छात्रों को कोचिंग दी जाती है। बीते वर्ष स्कूल से 7 छात्रों को सफलता मिली थी। इस वर्ष कटअप मार्क काफी ऊपर जाने के बावजूद भी स्कूल के छात्रों को सफलता मिली है। छात्रों के कोचिंग को लेकर स्कूल के प्राचार्य गौरव शर्मा के द्वारा लगातार गहन निरीक्षण किया जाता है। सर्व सुविधायुक्त स्कूल में छात्रों को कोचिंग के लिए बाहर की संस्था के द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सक भेजे गए हैं।

### इन छात्रों को मिली सफलता

| छात्रों का नाम | प्राप्त अंक | रेंक |
| --- | --- | --- |
| गायत्री मरावी | 78.92 | 01 |
| दिलेश मरावी | 77.09 | 02 |
| आयुष कुमार | 60.98 | 03 |
| गुलशन कुमार | 64.44 | 04 |
| शीला सिंह | 51.97 | 05 |
| जीत गढ़ेवाल | 64.33 | 01 |

# उद्योग मंत्री ने निःशुल्क शरबत वितरण का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने घंटाघर चौक स्थित तुलसी कलेक्शन परिसर के समीप निशुल्क शरबत वितरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री देवांगन ने राहगीरों को शरबत का वितरण किया। श्री देवांगन ने कहा कि गर्मी के दिनों में लोगों की सेवाभाव से शरबत का वितरण प्रारंभ किया गया है ताकि ग्रीष्म ऋतु में प्यासे राहगीरों को राहत मिल सके। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, नरेंद्र पाटनवार, रजनीश देवांगन, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, कोरबा मंडल अध्यक्ष परविंदर सिंह, योगेश मिश्रा, युगल कैवर्ट, यासीन अंसारी, धनेश्वर सिदार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



शरबत वितरण करते उद्योग मंत्री व अन्य।

### जनसंपर्क...



**कोरबा**। जनसंपर्क अभियान के दौरान कोरबा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय पाली तानाखार के ग्राम गुरसिया में एक ग्रामीण के टपरी नुमा होटल में पहुंची। इस दौरान वहां एक महिला समोसा तल रही थी, बस क्या था सुश्री सरोज पाण्डेय ने उक्त महिला से झारा लेकर समोसा तलना शुरू कर दिया, खुद भी खाया और अपने समर्थकों एवं उपस्थित ग्रामीणों को भी समोसा खिलाया।

### सेंट जेवियर्स स्कूल में लगा ग्रीष्मकालीन शिविर

**कोरबा**। सेंट जेवियर्स पब्लिक स्कूल में विद्यालय के प्रबंधक डॉ. डी.के. आनंद और प्राचार्या श्रीमती लता नारायण पाटिल के मार्गदर्शन में ग्रीष्मकालीन शिविर का तीसरा दिन ज्ञानमय और स्फूर्तिदायक रहा। शिविर के आरंभ में सभी विद्यार्थियों ने अभिवादन व वृद्ध सेवा के महत्व को जाना और गगन गर्जना के साथ वैदिक मन्त्रों का सस्वर उच्चारण किया। अगले क्रम में छात्र-छात्राओं ने जुंबा हिप-हॉप एरोबिक्स आदि व्यायाम नृत्य का अभ्यास किया। सुनहरी धूप के तले बच्चों ने बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, खो-खो और फुटबॉल का अभ्यास किया। पूर्व प्राथमिक कक्षा के बच्चों ने मिट्टी से कई रोचक कलाकृतियां बनाईं साथ ही चार्ट पेपर पर विभिन्न सुंदर चित्र निर्माण किया। नन्हे पाक कलाकारों ने सुंदर, स्वादिष्ट और पौष्टिक स्प्राउट चाट बनाया।

### महिला के गले से झपट्टा मार ले उड़े सोने की चेन

**अम्बिकापुर**। शहर में चेन स्नेचिंग की घटना बढ़ने लगी है। मंदिर सहित भीड़ भाड़ क्षेत्र में अमूमन महिलाओं के गले से सोने की चेन पार करने की कई घटनाएं हो चुकी है। हालांकि पुलिस ने सोने के चैन चोरी करने वाली कुछ महिलाओं को हालही में पकड़ा था परंतु अब महिलाओं के बजाय बाइक सवार युवकों द्वारा चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम देने लगे। बीती रात भी बाइक सवार दो युवकों ने स्कूटी सवार महिला के गले से सोने का चैन झपट्टा मार ले उड़े। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है।जानकारी के अनुसार केदारपुर भट्टी रोड निवासी अनिल कुमार शाह आ. अनिरूद्ध शाह (41 वर्ष) बती रात 8 बजे पिता अनिरुद्ध शाह व मां फुल कुमार शाह का स्कूटी में बैठाकर रिश्तेदार प्रयाग साहू के घर बिलासपुर रोड लक्ष्मीपुर जा रहे थे। जैसे ही स्कूटी सवार अस्पताल रोड मणिपुर के समीप पहुंचे तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार युवकों ने स्कूटी के बगल में बाइक को सटा कर महिला के गले में पहने सोने के चैन को झपट्टा मार कर लेकर फरार हो गए। स्कूटी सवार जब तक बाइक सवार का पीछा करते इससे पहले ही बाइक सवार उनके आंखो से उझल हो गए।

# अग्निशमन सेवा सप्ताह से जागरूकता को मिला बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने अग्नि सुरक्षा अभियान के साथ अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया। इस साल के थीम अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्र निर्माण में योगदान करें के अंतर्गत अग्नि सुरक्षा जागरूकता और तैयारियों को बढ़ाने का कार्य किया गया। सप्ताह भर चले इस पहल में कर्मचारी, स्कूली छात्रों और समुदाय के सदस्यों ने भाग लिया। विभिन्न पहल के माध्यम से अग्नि-सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए जागरूक किया गया। 14 अप्रैल को शुरू हुए इस सप्ताह में अग्नि सुरक्षा के महत्व बढ़ावा देते हुए क्विज़, ड्राइंग और स्लोगन सहित आकर्षक प्रतियोगिता कार्यक्रम को आयोजिक की गई। बालको ने आग से बचाव के उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण अग्नि सुरक्षा दिशानिर्देशों और तैयारियों पर केंद्रित एक विशेष नुक्कड़ नाटक था। बालको द्वारा कंपनी के विभिन्न विभाग और उप-व्यावसायिक इकाई (एसबीयू) से अग्नि सुरक्षा को लेकर उत्कृष्ट योगदानकर्ताओं को सम्मानित करके कार्यक्रम का समापन किया गया। संयंत्र परिसर के भीतर सुरक्षा सुनिश्चित करने में उनके प्रयासों को सराहा गया। कंपनी ने एनटीपीसी और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के प्रतिनिधियों सहित कोरबा के आसपास के अन्य औद्योगिक कंपनियों को कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए आमंत्रित किया। बालको मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने सुरक्षा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता पर बात करते हुए कहा कि असुरक्षित कार्यों के रोकथाम के लिए जागरूकता महत्वपूर्ण है।

**खास बात**

- बालको में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम



# टैंकर पलटने के बाद डीजल लूटने ग्रामीणों में मची होड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

गुरुवार की सुबह यूपी से डीजल लेकर जा रहा टैंकर अनियंत्रित होकर फूली डूमर घाट पर पलट गया। टैंकर पलटने के बाद चालक मौके से फरार हो गया लेकिन घटना के बाद टैंकर से डीजल बहता देख ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। इस दौरान लोगों में डीजल लूटने की होड़ मच गयी। ग्रामीण बाल्टी, ड्रम में डीजल भरकर अपने साथ ले गए। इधर घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के साथ ही समय रहते वाहन को सीधा कर गंतव्य की ओर रवाना किया। डीजल लूटने की भगदड़ के दौरान टैंकर में आग नहीं लगी अन्यथा एक बड़ी घटना हो सकती थी। बताया जा रहा है कि टैंकर उत्तर प्रदेश से डीजल लेकर अंबिकापुर की ओर जा रहा है।




## जिला चेम्बर आफ कामर्स एवं व्यवसायियों ने की मतदाताओं से मतदान करने की अपील

# स्याही के निशान के साथ सेल्फी दिखाएं, खरीदी पर मिलेगा आकर्षक डिस्काउंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए व्यापक पैमाने पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं तथा जिला प्रशासन व शासन के विभिन्न विभागों के साथ-साथ विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, औद्योगिक एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों का सहयोग इस कार्यक्रम में लिया जा रहा है।

व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की इस अनोखी पहल से निश्चित रूप से मतदाता मतदान हेतु जागरूक होंगे तथा मतदान प्रतिशत बढेगा। जिला चेम्बर आफ कामर्स तथा नगर के व्यवसायियों ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर अनिवार्य रूप से मतदान करें। लोकसभा निर्वाचन में कोरबा लोकसभा क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान हो, सभी लोग अपने मताधिकार का उपयोग कर अनिवार्य रूप से मतदान करें। इस हेतु व्यवसायियों ने अनोखी पहल करते हुए मतदान करने वाले मतदाताओं को उनके द्वारा खरीदे गए सामान पर आकर्षक डिस्कांउट दिए जाने की घोषणा की गई है। यह डिस्कांउट व्यवसायियों द्वारा दिए जा रहे नियमित डिस्कांउट के अतिरिक्त होगा। अभी तक जिले के एक दर्जन से अधिक प्रतिष्ठानों द्वारा डिस्कांउट की घोषणा की गई है। इसी कड़ी में निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा विगत दिवस जिला चेम्बर आफ कामर्स व व्यवसायीबंधुओं की बैठक लेकर मतदाता जागरूकता की दिशा में उनकी सहभागिता का आव्हान किया गया था। कोरबा शहर के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, व्यवसायीबंधुओं व जिला चेम्बर आफ कामर्स के साथ-साथ अन्य व्यापारी संघों के द्वारा अनूठी पहल करते हुए मतदाताओं को मतदान हेतु जागरूक किया जा रहा है, विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा मतदान करने के पश्चात उनके प्रतिष्ठानों में खरीदी हेतु पहुंचने वाले मतदाताओं को सामग्रियों में आकर्षक डिस्कांउट दिया जाएगा। जिला चेम्बर आफ कामर्स के अध्यक्ष योगेश जैन ने बताया कि नगर के अनेक व्यवसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा यह डिस्कांउट दिया जाएगा, इस विशेष छूट का लाभ लेने के लिए मतदाता को मतदान केन्द्र के सामने ऊंगली पर स्याही निशान के साथ अपनी स्वयं की सेल्फी फोटो दिखाना आवश्यक होगा। यह डिस्कांउट दुकानों द्वारा नियमित रूप से दिए जाने वाले डिस्कांउट के अतिरिक्त होगा।

### इन प्रतिष्ठानों ने की डिस्कांउट की घोषणा

नगर के जिन व्यवसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा डिस्कांउट का लाभ दिए जाने की घोषणा अभी तक की गई है, उनमंफ पुस्तक महल निहारिका द्वारा 10 प्रतिशत, श्रद्धा बैग हाउस निहारिका द्वारा 10 प्रतिशत, सुरती सुहाग भण्डार कोरबा द्वारा 10 प्रतिशत, सलुजा बुट हाउस मेन रोड कोरबा द्वारा 10 प्रतिशत, विद्या बुक डिपो कोरबा द्वारा 10 प्रतिशत, अप्सरा इलेक्ट्रानिक कोरबा द्वारा 5 प्रतिशत, गोयल प्रिंटिंग मटेरियल कोरबा द्वारा 5 प्रतिशत, सूरज मेगामार्ट निहारिका द्वारा 5 प्रतिशत, विकास मेगामार्ट घंटाघर द्वारा 5 प्रतिशत, नरेश ब्रदर्स पंतजलि उत्पाद द्वारा 5 प्रतिशत, मामाजी फास्टफूड टीपी नगर द्वारा 5 प्रतिशत, जय दुर्गा मोबाईल दीपका द्वारा मोबाईल एससरिज पर 10 प्रतिशत और मोबाईल पर गिफ्ट, रतेरिया सूपर बाजार दर्री रोड कोरबा द्वारा 5 प्रतिशत के डिस्कांउट की घोषणा की गई है। इसी प्रकार पोस्टर प्वाइंट कोरबा एवं विकास मेन्स एण्ड मोबाईल प्वाइंट पाली द्वारा मोबाईल खरीदी पर 1000 रूपये का ब्लूटूथ ईयरफोन मुफ्त में देने को कहा गया है।

